



... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, मंगलवार, 02 दिसम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक


वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 92 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया








# साइबर सुरक्षा पर घमासान

## संचार साथी एप का विरोध, सुरक्षा के नाम पर जासूसी का आरोप




● नागरिकों के निजी जिन्दगी में दखंलदाजी की कोशिश की जा रही

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग (DoT) ने 28 नवंबर को एक दिशा-निर्देश जारी किया। इसके मुताबिक सभी मोबाइल कंपनियों को अपने स्मार्टफोन्स में 'संचार साथी' एप को प्री-इंस्टॉल करना अनिवार्य होगा। कंपनियों को इस नियम को लागू करने के लिए 90 दिन का समय दिया गया है। इसे लेकर अब विपक्ष का हमला तेज हो गया है। सरकार का ये कहना है कि इस एप के जरिए मोबाइल के IMEI से जुड़े किसी भी फर्जीवाड़े, फोन चोरी और फर्जी कॉल या धोखाधड़ी रोकने में मदद मिलेगी। वहीं विपक्ष इसे निगरानी का साधन करार कर रही है। और मोबाइल कंपनियों के जरिए भी इस एप का विरोध किया गया है। इसी कड़ी में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा और शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी एप को लेकर कड़ा विरोध जताया। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने दूरसंचार विभाग (DoT) के उस निर्देश पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस एप को 'जासूसी एप' बताते हुए कहा कि यह कदम नागरिकों की निजता पर सीधा हमला है। प्रियंका गांधी ने कहा कि हर नागरिक का निजता का अधिकार सर्वोपरि है। लोग अपने परिवार या दोस्तों को जो संदेश भेजते हैं, उन पर सरकार को निगरानी रखने का कोई अधिकार नहीं है। उनके अनुसार, इस तरह की बाध्यता जनता के भरोसे को कमजोर करती है। सरकार के इस कदम पर शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी कड़ा विरोध जताया। उन्होंने इसे नागरिकों की निजी जिंदगी में दखल बताते हुए कहा कि प्री-इंस्टॉल्ड एप के जरिए सरकार फोन इस्तेमाल की हर गतिविधि पर नजर रख सकती है। ये निजता के अधिकार का उल्लंघन है। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, 'प्री-इंस्टॉल्ड एप के नाम पर यह निगरानी का एक और तरीका है। इससे हमारी हर फोन गतिविधि ट्रैक की जा सकती है। हम इसका कड़ा विरोध करेंगे और सरकार से इसे तुरंत वापस लेने की मांग करेंगे'। उन्होंने साफ कहा कि उनकी पार्टी इस फैसले का हर स्तर पर विरोध करेगी, क्योंकि यह नागरिकों की स्वतंत्रता और निजता के खिलाफ है।

### सरकार हर नागरिक के फोन में झांकने का बहाना ढूंढ रही : प्रियंका गांधी

प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्र सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि देश में हर ओर तानाशाही बढ़ रही है। संसद सुचारू रूप से काम नहीं कर पा रही, क्योंकि सरकार महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा से बच रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में खुली बहस की संस्कृति बेहद जरूरी है और सरकार इससे दूर भाग रही है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि फोन फ्रॉड रोकने और नागरिकों की फोन गतिविधियों पर निगरानी रखने के बीच बहुत कम अंतर होता है। प्रियंका गांधी ने कहा, 'साइबर सुरक्षा जरूरी है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि सरकार हर नागरिक के फोन में झांकने का बहाना बनाए। मुझे नहीं लगता कि कोई भी नागरिक इससे खुश होगा'

### हेराल्ड मामले में नई एफआईआर पर भड़के खरगे



**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड केस में दर्ज हुई नई प्राथमिकी को कांग्रेस ने बदले की कार्रवाई बताया है। दिल्ली में दर्ज नई प्राथमिकी पर सवाल खड़े करते हुए कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भरोसा जताया कि न्यायपालिका इस एफआईआर के पीछे सियासी बदले की मंशा को जरूर समझेगी। बता दें कि बीते हफ्ते दर्ज हुई इस प्राथमिकी को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच सियासी सरगर्मियां तेज हैं।

### कर्नाटक में सीएम की कुर्सी पर सस्पेंस खत्म?

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के साथ दूसरी नाश्ते की बैठक के बाद, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को दोहराया कि कांग्रेस नेता एकजुट हैं और मिलकर कांग्रेस सरकार चलाएँगे। कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही खींचतान के बीच, डीके शिवकुमार के मुख्यमंत्री बनने के बारे में पूछे जाने पर, सिद्धारमैया ने कहा, 'जब आलाकमान कहेगा।' मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इससे पहले उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार से उनके आवास पर मुलाकात की थी, जहाँ दोनों के बीच दूसरी नाश्ते की बैठक हुई थी। अपनी पहली मुलाकात में इडली-सांभर और उपमा के बाद, डीके शिवकुमार ने पारंपरिक नाटी चिकन और इडली की गरमागरम प्लेटों के साथ सिद्धारमैया की मेज़बानी की।

### इंडिगो की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी, मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** इंडिगो की एक फ्लाइट की मुंबई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। यह फ्लाइट कुवैत से हैदराबाद आ रही थी। उड़ान के दौरान ही फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली। जानकारी के अनुसार, फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई थी। यह ईमेल दिल्ली एयरपोर्ट के आया था। ईमेल मिलते ही एयरपोर्ट प्रशासन अलर्ट हो गया और इंडिगो की फ्लाइट की मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकाल लैंडिंग करवाई गई। इंडिगो की फ्लाइट एयरबस A321-251NX ने रात को 1.56 बजे कुवैत से उड़ान भरी थी।


### सुरंग में जाकर फंस गई चेन्नई मेट्रो ट्रेन, ट्रैक पर चलने लगे लोग

**नई दिल्ली।** चेन्नई मेट्रो की एक ट्रेन मंगलवार की सुबह टनल में जाकर फंस गई। टेक्निकल खराबी की वजह चेन्नई मेट्रो की सर्विस बाधित हो गई थी। यह घटना ब्लू लाइन पर पुरात्ची थलाइवर डॉ. एम.जी. रामचंद्रन सेंट्रल मेट्रो के पास हुई। अचानक पैदा हुई इस स्थिति में यात्री घबरा गए। यात्रियों ने बताया कि ट्रेन चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से विम्को नगर जा रही थी। लेकिन तभी कुछ देर के लिए लाइट चली गई और मेट्रो सेंट्रल रेलवे स्टेशन से करीब 500 मीटर दूर अंडरग्राउड टनल में जाकर रुक गई। यात्री कुछ समझ ही नहीं पाए और करीब 10 मिनट तक अंदर बेबस फंसे रहे।

### 2029 तक इंडियन नेवी को चार राफेल का पहला सेट मिल जाएगा

**नई दिल्ली।** फ्रांस और भारत के रिश्ते डील के बाद नई दिशा की ओर बढ़ते हुए नजर आ रहे हैं। पहले भारतीय सेना ने अपनी स्कवाडन के लिए राफेल को चुना था तो अब नौसेना ने भी राफेल को ही तरजीह दी है। भारतीय नौसेना के प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़ा ऐलान किया है। भारत फ्रांस से 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की डील को अगले कुछ महीनों में फाइनल कर लेगा। चीफ ऑफ नेवल स्टाफ एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने कहा है कि हमें उम्मीद है कि 2029 तक इंडियन नेवी को चार राफेल का पहला सेट मिल जाएगा। जुलाई 2023 में ही रक्षा मंत्रालय ने इस खरीद को मंजूरी दे दी थी।

## पुतिन से पहले दिल्ली पहुंचे दर्जनों रूसी कमांडो



● रूसी राष्ट्रपति के भारत दौरे की तैयारियां

**नई दिल्ली।** दिल्ली इस समय एक अत्यंत संवेदनशील और बहु-स्तरीय सुरक्षा ऑपरेशन का केंद्र बन चुकी है, क्योंकि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। पुतिन के कार्यक्रमों को अत्यंत गोपनीय रखा गया है, माना जा रहा है कि 4–5 दिसंबर को होने वाले शिखर-स्तरीय द्विपक्षीय कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए रूसी सुरक्षा टीम पिछले कई दिनों से दिल्ली में मौजूद है। 50 से अधिक रूसी सुरक्षा अधिकारी पहले ही राजधानी पहुंच चुके हैं। रिपोर्टों के अनुसार रूसी सुरक्षा दल सिर्फ बाहरी सतह पर नज़र नहीं रख रहे, होटल-स्थलों, एयरपोर्ट के लैंडिंग ज़ोन, आपातकालीन निकासी मार्गों और शहर के संवेदनशील हिस्सों की माइक्रो-प्लानिंग भी कर रहे हैं। AI-आधारित निगरानी, स्नाइपर तैनाती और 24×7 कमांड-कंट्रोल रूम की तैयारी ज़ोरों पर है।

## हम रोहिंग्या के लिए रेड कार्पेट बिछा दें!



● शरणार्थियों के लिए दायर याचिका पर बड़ी अदालत की सख्त टिप्पणी

**नई दिल्ली।** पुलिस की हिरासत में मौजूद 5 रोहिंग्या शरणार्थी अचानक लापता हो गए हैं। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई, जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी करने से भी साफ इनकार कर दिया है। दरअसल 16 दिसंबर को रोहिंग्या शरणार्थियों पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। इसी बीच सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई, जिसमें पांच गुमशुदा रोहिंग्या शरणार्थियों के मामले पर भी 16 दिसंबर को सुनवाई की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की थी कि केंद्र सरकार को नोटिस जारी करते हुए इसका जवाब मांगा जाए, लेकिन कोर्ट ने इस याचिका को सिरे से खारिज कर दिया है। याचिकाकर्ता को फटकार लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा- आपको पता है कि वो (रोहिंग्या) घुसपैठिए हैं। हमारी उत्तरी सीमा बहद संवेदनशील है। आपको अच्छी तरह से पता है कि देश में क्या हो रहा है। इसके बावजूद अगर कोई अवैध तरीके से देश में आता है, तो क्या आप चाहते हैं कि हम उनके लिए रेड कार्पेट बिछाएं? 'रोहिंग्या टनल के रास्ते अवैध तरीके से भारत में घुस आते हैं और आप चाहते हैं कि हम उन्हें खाना दें, रहने के लिए जगह दें।

## एसआईआर पर बहस की मांग




● लोकसभा-राज्यसभा में भारी हंगामा; सांसद वेल में पहुंचे, बुलंद किए नारे


**नई दिल्ली।** एसआईआर के खिलाफ विपक्ष का लगातार दूसरे दिन संसद में प्रदर्शन जारी है। लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होते ही सभी विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। कुछ सांसद वेल तक पहुंच गए। स्पीकर ने इस दौरान प्रश्नकाल को जारी रखा, लेकिन विपक्ष लगातार 20 मिनट तक 'वोट चोर- गद्दी छोड़' के नारे लगाता रहा। इसके बाद कार्यवाही पहले 12 बजे फिर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। उधर, राज्यसभा में भी विपक्ष का प्रदर्शन और नारेबाजी जारी है। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'लोकतंत्र की रक्षा के लिए विरोध-प्रदर्शन जरूरी है।' इससे पहले विपक्ष ने सुबह 10: 30 बजे संसद परिसर में मकर द्वार के सामने लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन किया। इनकी मांग है कि सरकार SIR इस पर फौरन चर्चा करे। सत्र के पहले दिन (1 दिसंबर) दोनों सदनों में SIR और वोट चोरी के आरोप के मुद्दे पर विपक्ष ने हंगामा किया था। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा में बताया था कि सरकार SIR और चुनावी सुधारों पर चर्चा के लिए तैयार है।

## अब सोशल मीडिया पर 'बेलगाम आजादी' खत्म




● इंटरनेट के दुरुपयोग से समाज में पैदा हो रहीं कई तरह की विसंगतियां

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ वर्षों के दौरान इंटरनेट मीडिया बहुत सशक्त माध्यम के तौर पर सामने आया है। इसने आम लोगों को ऐसा मंच मुहैया कराया है, जहां लोग बिना किसी डर के अपनी राय जाहिर कर सकते हैं। इंटरनेट मीडिया के दुरुपयोग से समाज में कई तरह की विसंगतियां पैदा हो रही हैं। भ्रामक जानकारियां लोगों की राय को गलत तरह से प्रभावित करती हैं और यह देश के सामाजिक ताने-बाने के लिए भी खतरनाक हैं। उच्चतम न्यायालय ने इसके खतरों को गंभीर मानते हुए सरकार से एक स्वतंत्र नियामक बनाने को कहा है, जो इंटरनेट मीडिया पर डाली जाने वाली अवैध सामग्री पर लगाम लगा सके।



जनमुख
हिन्दी दैनिक
City लाइव
● तापमान अधिकतम : 28.3°C
● तापमान न्यूनतम : 13.0°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 02 दिसम्बर, मंगलवार, 2025 ( 3 )


छाया : जनमुख डेस्क




विश्व एड्स दिवस पर चोलापुर में नुक्कड़ नाटक का मंचन।

# भाजपा नेत्री के फ्लैट में सेक्स रैकेट

● देर रात छापेमारी में पकड़ी गयीं नौ लड़कियां, आपत्तिजनक सामग्री की बरामदगी

● पति ने कहा हमने तो फ्लैट स्पा के लिए किराये पर दिया था



**वाराणसी।** वाराणसी में भाजपा नेत्री शालिनी यादव के फ्लैट से सेक्स रैकेट पकड़ा गया है। सोमवार रात पुलिस ने 9 लड़कियों और 4 लड़कों को गिरफ्तार किया। पुलिस का दावा है कि यहां स्पा सेंटर के नाम पर जिस्मफरोशी हो रही थी। ये फ्लैट शालिनी यादव के पति अरुण यादव के नाम पर है। उन्होंने इसे किराये पर दे रखा था। इस सम्बन्ध में अरूण यादव का कहना है कि उन्होंने चंदौली के किसी ब्रोकर के माध्यम से यह फ्लैट स्पा सेंटर के लिए किराये पर दिया था। यहां पर चल रहे जिस्मफ़रोशी के धंधे की उन्हें कतई कोई ख़बर नहीं है। बताते चलें कि शालिनी यादव काशी से कांग्रेस के टिकट पर मेयर और सपा के टिकट पर पीएम मोदी के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ चुकी हैं। हालांकि, अब उन्होंने पाला बदलकर भाजपा जॉइन कर ली थी। इस मामले में शालिनी यादव से बात करने की कोशिश की, हालांकि उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। फ्लैट से आपत्तिजनक सामान, रजिस्टर, मोबाइल मिले हैं। उनकी जांच की जा रही है। फ्लैट सिगरा स्थित वाराणसी विकास प्राधिकरण के शक्ति शिखा अपार्टमेंट में है। इसका नंबर-112 है। पुलिस ने बताया कि देर रात फ्लैट में सेक्स रैकेट की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप यानी SOG ने स्पा सेंटर पर छापेमारी की। पुलिस पूछताछ में पता चला कि लड़कियां आसपास के जिलों से आती थीं। सिगरा के अलावा पुलिस ने महमूरगंज, भेलूपुर और कैंट क्षेत्र में भी कई स्पा सेंटर पर कार्रवाई की। शालिनी यादव ने कांग्रेस के टिकट पर 2017 में मेयर चुनाव लड़ा। उन्हें 113345 वोट मिले थे। वह दूसरे नंबर पर रही थीं। फिर 2019 में सपा में शामिल हुईं। सपा के टिकट से मोदी के खिलाफ 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ीं। वो करीब दो लाख वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहीं। 24 जुलाई 2023 को शालिनी यादव ने भाजपा की सदस्यता ली। शालिनी के साथ सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पीयूष यादव ने भी भाजपा की सदस्यता ली थी।

## 24 लाख के गबन में 11 कर्मचारी नामजद

**वाराणसी।** वाराणसी में ग्रामीण महिलाओं को लोन उपलब्ध कराने वाली स्पंदना स्फूर्ती फाइनेंशियल लिमिटेड में करोड़ों के लेन-देन के बीच बड़ा घोटाला सामने आया है। वित्तीय लेनदेन में अनियमितता की शिकायत पर हुई जांच में कंपनी की तीन शाखाओं शिवपुर, आशा और चौबेपुर में कुल 24.18 लाख रुपये गबन का मामला उजागर हुआ है। कंपनी के क्लस्टर मैनेजर वसीम अहमद की तहरीर पर 11 कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस केस दर्ज करने के बाद जांच और सभी की गिरफ्तारी की कवायद में जुट गई है।

## मनुष्य का अधिकार सिर्फ कर्म पर है, फल पर नहीं



● मोक्षदा एकादशी पर गीता जयन्ती महोत्सव

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** गीता समिति, मालवीय भवन, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में सोमवार को मोक्षदा एकादशी के पावन पर्व पर गीता जयन्ती महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हनुमत्पीठ के पीठाधीवर स्वामी मिथिलेश नन्दिनी शरण महाराज ने बताया कि मालवीयजी ने महामना शब्द को चरितार्थ किया। गीता प्रवृत्ति से निवृत्ति का विज्ञान है। गीता में कर्म एवं ज्ञान का सेतु भक्तियोग है। मनुष्य को अपने कर्त्तव्य का पालन करना चाहिए, क्योंकि उसका अधिकार केवल कर्म पर है उसके फल पर नहीं यही निष्काम कर्मयोग का मूल सन्देश है, यानी की निस्वार्थ होकर कर्म करना ही श्रेष्ठता का मार्ग है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने की। इस अवसर पर सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि गीता हमें बुद्धिमता पूर्वक अपने कर्म में प्रवेश करना सिखाती है। कार्यक्रम का संचालन प्रो0 शरदिन्दु कुमार त्रिपाठी एवं सभागत अतिथियों का स्वागत प्रो0 उपेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने किया।

## दुकानदार से मारपीट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** मोहन सराय पुलिस चौकी अंतर्गत शहाबाबाद में विगत 29 नवंबर को सलीम मोदनवाल की दुकान पर मारपीट करने वाले शहावाबाद बाजार स्थित मुस्लिम बस्ती के दो आरोपी शारुख 20 वर्ष और मोनू 19 वर्ष को रोहनिया पुलिस ने शहाबाबाद से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी शारुख के खिलाफ रोहनिया थाना में चार अलग अलग मुकदमे दर्ज है।

## सर्राफा की दुकान का ताला तोड़कर चोरी की कोशिश



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** राजातालाब कचनार गांव के पंचकोसी मार्ग स्थित गंला मंडी में गोविंद ज्वेलर्स की सराफा की दुकान है। मंगलवार बीती रात्रि चोरों ने उनकी दुकान के चैनल एवं शटर के ताले तोड़ लिए और मुख्य दरवाज़े का चैनल तोड़कर दुकान की शटर को उठाने का प्रयास किया, लेकिन शटर में लॉक ताला लगा होने के कारण शटर नहीं उठ सका। स्थानीय नागरिकों के पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। दुकान में व आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज भी देखी गई। चोर की तलाश की जा रही है।

## नगर आयुक्त ने भेलूपुर जोन का किया औचक निरीक्षण



**वााराणसी ( जनमुख डेस्क )।** नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल के द्वारा सोमवार दोपहर में भेलूपुर जोन का औचक निरीक्षण किया गया। सबसे पहले जन्म मृत्यु कार्यालय कक्ष का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत होने के उपरांत प्रार्थना पत्र अनावश्यक रूप से बंडलों का ढेर लगाकर कार्यालय में डंप किए जाने के संदर्भ में निर्देशित किया गया कि अनावश्यक अभिलेखों को न रखें इसकी वीडिंग सुनिश्चित किया जाए, जिससे कार्यालय साफ सुथरा व्यवस्थित रूप से रहे।

## नदेसर तालाब के पास चला अतिक्रमण का चाबुक



**वााराणसी ( जनमुख डेस्क )।** नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल के निर्देश पर आज नगर निगम की अतिक्रमण टीम के द्वारा नदेसर तालाब के चारो ओर अतिक्रमण अभियान चलाया गया। विगत दो दिन पहले नगर आयुक्त द्वारा नदेसर तालाब के आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया था।

## रिश्वतखोर ट्रैफिक इंस्पेक्टर लाइन हाजिर

**वाराणसी।** ट्रैफिक में तैनात इंस्पेक्टर शिवाकांत शुक्ला को सोमवार शाम लाइन हाजिर कर दिया। इंस्पेक्टर पर ई-रिक्शा छोड़ने के लिए 3000 रुपये मांगने और वाहन मालिक से होमगार्ड को दिलवाने का आरोप है। एडिशनल सीपी ने जांच शुरू की तो पीड़ित ने दफ्तर पहुंचकर बयान दर्ज कराया। जांच में होमगार्ड ने इंस्पेक्टर का नाम लिया तो अफसरों ने उससे जवाब तलब किया। जवाब संतोष जनक नहीं मिलने पर इंस्पेक्टर के खिलाफ चार्जशीट तैयार कर दी। वाराणसी के एडिशनल पुलिस कमिश्नर की रिपोर्ट के आधार पर सीपी मोहित अग्रवाल ने इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर करते हुए तत्काल कार्यमुक्त कर दिया। उसके खिलाफ एक अन्य विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।

## काशी तमिल संगमम के चौथे चरण का आगाज



### 216 मेहमानों का दल पहुंचा बनारस

**वाराणसी।** उत्तर और दक्षिण के संबंधों को मजबूत करने के लिए काशी तमिल संगमम् के चौथे संस्करण की शुरुआत आज से हो रही है। यह आयोजन काशी में 15 दिसंबर तक चलेगा। काशी में होने वाले इस आयोजन में 1400 प्रतिनिधि शामिल होंगे। तमिल करकलाम यानी आइए तमिल सीखें की थीम पर आधारित काशी तमिल संगमम् उत्सव के केंद्र में तमिल भाषा को रखा गया है। वहीं काशी तमिल संगमम् 4.0 में शामिल होने के लिए प्रथम दल मंगलवार को छात्र, शिक्षक व लेखकों के दल वाराणसी पहुंचा। स्वागत के लिए बनारस स्टेशन पर रेड कारपेट बिछाया गया था। स्वास्तिक मंत्रोच्चार के बीच पुष्प वर्षा और माला पहनकर सभी का स्वागत किया गया। इस दौरान कुछ डेलीगेट डमरू और नगाड़े की धुन पर नाचते हुए भी दिखे। शाम 5 बजे वाराणसी के नमो घाट पर तमिल संगमम् का शुभारंभ होगा। इसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि तथा पुदुच्चेरी के उपराज्यपाल के. कैलासनाथन सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भगवदगीता प्रतियोगिता में जाह्नवी प्रथम, आयुषी को मिला द्वितीय स्थान



**वााराणसी ( जनमुख डेस्क )।** हरिश्चन्द्र इंटरमीडिएट कॉलेज में सोमवार को श्रीमद्भगवदगीता प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें निबंध प्रतियोगिता में अग्रसेन कन्या इंटर कालेज मैदागिन की क्लास 10A की जाह्नवी जायसवाल ने प्रथम, द्वितीय स्थान, क्लास 9A की आयुषी पाल, तृतीय स्थान, व्याख्यान प्रतियोगिता में क्लास 11 की श्रेया यादव, तृतीय स्थान, मौखिक प्रश्नोत्तरी में क्लास 10A की आकांक्षा सिंह ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। अध्यक्ष ऋषभ चंद्र जैन, प्रबंधक गरिमा टकसाली, सहायक मंत्री, पवन कुमार मित्तल, प्रधानाचार्या, संगीता बनर्जी ने समस्त छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की।

## संगोष्ठी एवं नाटक के जरिये दी एड्स से बचाव की जानकारी



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सोमवार को बनारस रेल इंजन कारखाना के केंद्रीय चिकित्सालय में महाप्रबंधक सोमेश कुमार के दिशा-निर्देशन एवं प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश कुमार के नेतृत्व में एड्स के प्रति जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष विश्व एड्स दिवस की थीम 'रुकावटों पर काबू पाना तथा एड्स के जवाब में बदलाव लाना' है, जिसका संदेश कार्यक्रम के विभिन्न चरणों में प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। संगोष्ठी के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत व्याख्यान दिए गए। वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मधुलिका सिंह ने गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच की अनिवार्यता पर जोर दिया जबकि वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. मिन्हाज अहमद ने एड्स के आधुनिक उपचार एवं उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं पर प्रकाश डाला। पापुलर नर्सिंग कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शिवा कुमारी ने नर्सिंग केयर में विशेष सावधानियों एवं रोकथाम के उपायों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए पॉपुलर नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने एचआईवी/एड्स की रोकथाम, नियंत्रण एवं सामाजिक जागरूकता पर आधारित प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंचन किया।

### चोलापुर में रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोलापुर स्थित एएनएम ट्रेनिंग सेंटर की छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान छात्राओं ने एचआईवी/एड्स से बचाव के संदेशों से युक्त पोस्टर एवं प्ले काड्र्स के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंतर्गत एएनएम द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा एचआईवी/एड्स के लक्षण, कारण एवं रोकथाम पर आधारित नुक्कड़ नाटक का प्रभावी मंचन किया गया।

## डीएम से मिला व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** वाराणसी व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला और उन्होंने बनारस में जो लोग उजाड़े जा रहे हैं उनको बसाने के लिए कुछ सुझाव दिया। जिसमें यह कहा गया कि जो गुदड़ी मार्केट है उसकी बहुमजलि मार्केट बना दिया जाए अगर दाल मंडी के व्यापारी तैयार हो 17fut से इसको बढ़कर 22 फुट करके 5 फुट का उन लोगों को मुआवजा देकर वहां बहुमजलि बिल्डिंग मार्केट बना दीजिए। प्रतिनिधिमंडल में अजीत सिंह बग्गा कविन्दर जायसवाल, मनीष गुप्ता, संजय निरंकारी, शाहिद कुरेशी, आसिफ भाई, हुमाबानो, खुर्शीदा बानो प्रिंस, कृष्णा, नीरज सिंह, संतोष सिंह, गुंजन बग्गा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे




## बनारस में पहली बार निकली एड्स जागरूकता यात्रा

● बनारस क्वीयर प्राइड ने किया जागरूकता सभा का आयोजन



**वााराणसी ( जनमुख डेस्क )।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर बनारस क्वीयर प्राइड के तत्वावधान में शहर में पहली बार एचआईवी/एड्स जागरूकता यात्रा और सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना और शहर में लगातार बढ़ रहे एचआईवी मामलों में नियंत्रण लाना रहा। उल्लेखनीय है कि दीनदयाल उपाध्यक्ष जिला चिकित्सालय के अगस्त महीने के रिपोर्ट के अनुसार पांच महीने के अंदर एचआईवी के 100 पाज़िटिव मामले सामने आए हैं। बनारस क्विर प्राइड के तत्वावधान में आयोजित यात्रा की शुरुआत टैन के संचालन में आज़ाद पार्क, लहुराबीर से हुई। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने इन प्रभावशाली नारों के साथ जागरूकता का संदेश दिया। कंडोम अपनाओ, एचआईवी को दूर भगाओ, बेधड़क टेस्ट करवाओ, एचआईवी को दूर भगाओ; अपनी जाँच कराएँगे यात्रा के उपरांत शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय जिला चिकित्सालय, वाराणसी के प्रांगण में एक सभा का आयोजन किया गया, जिसका संचालन नीति द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कबीरचौरा चिकित्सालय के निरीक्षक डॉ मुकुंद श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## यूपी हेल्थ रैंकिंग डैशबोर्ड में वाराणसी तीसरे स्थान पर

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** उत्तर प्रदेश की हेल्थ रैंकिंग डैशबोर्ड में वाराणसी ने इस वर्ष अक्टूबर माह में 71 फीसदी स्कोर हासिल कर प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं प्रयागराज 73 फीसदी के साथ प्रथम एवं पीलीभीत 72 फीसदी के दूसरे स्थान पर रहा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि हाल ही में प्रदेश की हेल्थ रैंकिंग डैशबोर्ड नवम्बर 2025 में जारी की गई जिसमें सभी जनपदों की रैंकिंग प्रदर्शित की गई है, जिसमें वाराणसी तीसरे स्थान पर है। इस वित्तीय वर्ष में वाराणसी की अक्टूबर माह की उपलब्धि 71 प्रतिशत है।

जनमुख परामर्श मंडल : **एस. कुमार** राष्ट्रीय अध्यक्ष सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया, **संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज, **श्रीनारायण खेमका,** अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन, **वी.के.जैन,** अध्यक्ष-जैन मिलन, वाराणसी, **डा. एस.के.पाठक** वरिष्ठ चिकित्सक, **डा. नीलम ओहरी** स्त्री रोग विशेषज्ञ, प्रधान सम्पादक **ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा',** समाचार सम्पादक **सरोज सिन्हा,** स्वात्वाधिकारी व स्वामी **ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'** द्वारा **'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस** से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 **काशीराज अपार्टमेंट** नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित। रजि.33134/78. फोन : **0542-2500324 9336929544, Email :** janmukh.vns@gmail.com

## सुल्तानपुर समाचार

### जीप की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत, साथी घायल



**सुल्तानपुर।** रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर हलियापुर के झुरहू का पुरवा के पास रविवार रात जीप की टक्कर से बाइक सवार रायबरेली के महाराजगंज के मौन निवासी किसान संतोष सिंह (45) की मौत हो गई। दुर्घटना में बाइक पर पीछे बैठे उन्हीं के गांव के प्रवीण सिंह (40) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें कुमारगंज के पिठला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज अयोध्या रेफर कर दिया गया, लेकिन परिजन उन्हें एसपीजीआई लखनऊ ले गए। संतोष व प्रवीण सिंह रविवार शाम बाइक से अपने ननिहाल हलियापुर के उस्कामऊ गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। रात लगभग 12 बजे दोनों लोग घर जाने के लिए निकले। बाइक संतोष चला रहे थे। उन्होंने हेलमेट पहना था। रास्ते में झुरहू का पुरवा गांव के पास उनकी बाइक में एक तेज रफ्तार जीप की टक्कर लग गई। दुर्घटना में संतोष व प्रवीण गंभीर रूप से घायल हो गए। हलियापुर पुलिस ने घायलों को अयोध्या के कुमारगंज स्थित पिठला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने संतोष को मृत घोषित कर दिया। वहीं, प्रवीण को अयोध्या मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

## भदोही समाचार

**केजीबीवी में शिक्षक की भूमिका में नजर आए डीएम**

**औराई।** डीएम शैलेष कुमार ने सोमवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया।

छात्राओं से संवाद कर उन्हें शैक्षणिक, नैतिक और आत्म विकास से जुड़ी प्रेरणाएं दीं। विद्यालय परिसर, कक्षाओं, छात्रावास और भोजनालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं में जाकर छात्राओं से उनकी पढ़ाई, पाठ्यक्रम की स्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति तथा छात्रावास की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने छात्राओं को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रहते हुए जीवन में लक्ष्य निर्धारण अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि बेटियां ही देश का भविष्य हैं।

## मऊ समाचार

### 15 तक सिल्ट सफाई का काम करें पूरा, मानक का रखें ध्यान

**मऊ।** रबी फसल के सीजन में टेल तक पानी पहुंचाने के लिए सिंचाई विभाग की तरफ से दोहरीघाट पंप कैनाल से संबद्ध माइनरों की सिल्ट की सफाई हो रही है। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार सिंह ने सोमवार को निरीक्षण किया। इस दौरान 15 दिसंबर तक सिल्ट सफाई पूरा करने का निर्देश दिया। दोहरीघाट पंप कैनाल से संबद्ध मीरपुर माइनर, गोधना माइनर, नत्थूपुर रजवाहा, जामडीह माइनर, गोधना माइनर, मीरपुर माइनर सहित मऊ और बलिया जिले के 257 किमी लंबी 44 माइनरों से सिंचाई की जाती है। रबी सीजन में माइनर के टेल तक पानी पहुंचाने के लिए सिल्ट सफाई कार्य चल रहा है। विभाग की तरफ से सिल्ट सफाई के लिए 90 लाख रुपये की मांग की गई थी। लेकिन अभी तक लगभग 40 लाख ही मिल पाया है। विभाग की तरफ से 150 किमी तक सिल्ट सफाई कार्य पूरा कर लिया गया है। अधिकारियों की मानें तो सिल्ट सफाई कार्य पूरा होने पर माइनरों में टेल तक पानी पहुंचेगा। सोमवार को अधिशासी अभियंता मनोज कुमार सिंह ने जामडीह, नत्थपूर, मीरपुर, गोधना सहित विभिन्न माइनरों में कराए जा रहे सिल्ट सफाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 15 दिसंबर तक कार्य पूरा कर लिया जाए। सिल्ट सफाई कार्य मानक के अनुरूप कराया जाए। कहा कि लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बलिया समाचार

**सामूहिक विवाह योजना के लिए एक ही फर्म से आवेदन, डीएम हुए नाराज**

**बलिया।** जिले में सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम के लिए टेंडर प्रक्रिया जटिल होने से मात्र एक फर्म ने आवेदन किया है। सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में समीक्षा के दौरान डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने कार्यक्रम के आयोजन में विलंब होने पर नाराज जताई। उन्होंने कहा कि अब तक केवल एक ही फर्म ने बीड प्रक्रिया पूरी की है, जो इस योजना की गंभीरता को देखते हुए उचित नहीं है। उन्होंने निर्देश दिया कि टेंडर प्रक्रिया की शर्तों को सरल और पारदर्शी बनाया जाए ताकि अधिक से अधिक फर्म इसमें भाग ले सकें। उन्होंने संबंधित विभागों को सामग्री आपूर्ति और टेंट व्यवस्था के टेंडर को तत्काल प्रभाव से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने पूरी प्रक्रिया को आसान बनाने पर जोर दिया।

## जौनपुर समाचार

### मामूली विवाद में खूनी संघर्ष, बुजुर्ग महिला की मौत



**जौनपुर।** जिले के पवांरा थाना क्षेत्र के ग्राम टिकरा में भैंस बांधने को लेकर विवाद हो गया। झगड़ा इस कदर बढ़ा कि खूनी झड़प में बदल गया। इस दौरान हुए मारपीट में बुजुर्ग महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन महिला आरोपीयों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उक्त गांव निवासी राजकुमार पुत्र राजपति चौहान ने थाने में तहरीर देकर बताया कि सोमवार की रात लगभग 8 बजे भैंस बांधने के विवाद में दूसरे पक्ष की कमला पत्नी रामजी, मेनका पत्नी स्व. विनोद और प्रियंका पत्नी दिनेश ने मिलकर उनकी मां फूला देवी (70) पर हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

परिजनों द्वारा घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीड़ित की तहरीर पर थाना पवारा में उपरोक्त नामजद सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## देवरिया समाचार

**बदलते मौसम में बढ़ रहा संक्रमण, खांसी से परेशान हो रहे लोग**

**देवरिया।** मौसम बदलने पर गले की बीमारी से लोग पीड़ित हो रहे हैं। एलर्जी से पीड़ित लोगों को अधिक दिक्कत होती है। खराश और दर्द हो रहा है तो सतर्क होने की जरूरत है। मेडिकल कॉलेज में इस तरह के मरीज बढ़े हैं। ईएनटी विभाग में रोजाना 20 से 25 मरीज गले में दिक्कत की समस्या लेकर आ रहे हैं। डॉक्टर दवा के साथ सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। मौसम के बदलने से लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। इस मौसम में बैक्टीरिया का संक्रमण हो रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियों का प्रकोप बढ़ा है। इसकी वजह से गले में दिक्कत भी हो रही है। लोगों को गले में खराश और दर्द व खांसी की परेशानी हो रही है। गले में दर्द के साथ थूक निगलने में दिक्कत हो रही है। बुखार से लोग पीड़ित हो जा रहे हैं। साथ ही कमजोरी भी महसूस करते हैं।

## मीरजापुर समाचार

### मण्डलायुक्त ने धान क्रय केन्द्र कोटवा पाण्डेय, समोगरा व लालगंज प्रथम का किया औचक निरीक्षण



**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकार ने अपने कार्यालय से निकलकर जनपद के तीन धान केन्द्रो पर पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम पटेहरा विकास खण्ड के बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति कोटवा पाण्डेय (फुलियारी) पर उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव यूनियन (पी0सी0यू0) द्वारा संचालित धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया। इस केन्द्र पर निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी संज्ञा पाण्डेय उपस्थित पाए गए। केन्द्र पर इलेक्ट्रानिक काटा, आई मशीन पंखा, बोरा उपलब्ध पाया गया। इस दौरान मण्डलायुक्त द्वारा क्रय केन्द्र पर रखे गए रजिस्टर का निरीक्षण कर जानकारी ली गयी। बोरो की उपलब्धता के बारे में बताया गया कि 1832 बोरा अभी मौके पर उपलब्ध है। तत्पश्चात केन्द्र पर मौके पर धान तौल करा रहे कृषक रामकृपाल ग्राम बेलहरा से वार्ता की कृषक द्वारा बताया कि 66 कुन्तल धान तौल कराया जा रहा है इसी प्रकार राज किशोर दूबे ग्राम बेलहरा ने यह भी बताया कि उनका 60 कुन्तल धान तौल कराने के केन्द्र पर आए किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है। तत्पश्चात मण्डलायुक्त ने उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव यूनियन पी0सी0यू0 द्वारा संचालित समोगरा धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया तथा किसानों से वार्ता कर केन्द्र पर मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। केन्द्र पर उपस्थित कमलाकर तिवारी द्वारा बताया गया कि 1500 मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 55 किसानों से 290 मीट्रिन टन धान क्रय किया गया हैं। यह केन्द्र 4 चावल मिलो से सम्बद्ध है सभी कृषको को शत प्रतिशत भुगतान किया जाना पाया गया। इस केन्द्र पर उपस्थित कृषको से मण्डलायुक्त द्वारा वार्ता की गई। मौके पर ग्राम रामपुम कामता प्रसाद के कृषक राजकुमारी द्वारा 34 बोरी कुल लगभग 15 कुन्तल धान का वजन किया जा रहा है कृषक राजकुमारी निवासी रामपुम कामता प्रसाद से मण्डलायुक्त द्वारा वार्ता की गई।

## गाजीपुर समाचार

**प्रेमिका के भाई के हाथों पिटाई से आहत युवक ने फंदा लगाकर दी जान**

**दिलदारनगर।** आलमगंज गांव में रविवार की आधी रात कमरे का दरवाजा अंदर से बंदकर छत में लगे पंखे से फंदा लगाकर संदीप कुमार (22) ने आत्महत्या कर लिया। युवक एक गांव में प्रेमिका से मिलने गया था। वहां प्रेमिका के भाई सहित अन्य लोगों ने पकड़कर पीट दिया था। घर पहुंचने पर पिता ने युवक को समझा- बुझाया था। इधर पुलिस ने मृतक के परिजनों की मौखिक शिकायत पर प्रेमिका के भाई समेत दो को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने बताया कि आमलमगंज गांव निवासी संदीप कुमार दूसरे गांव की एक लड़की से तीन वर्षों से प्रेम करता था। वह रात में प्रेमिका के गांव गया था। इस दौरान गांव के कुछ लोगों ने युवक को प्रेमिका के साथ देख लिया था। प्रेमिका के भाई सहित गांव के अन्य लोगों ने संदीप को मारपीटा था।

## प्रयागराज समाचार

### स्मार्ट सिटी की साइकिल...कहीं पेड़ पर लटक रहीं तो कहीं तालाब में गोते लगा रहीं



**प्रयागराज।** संगमनगरी में स्मार्ट साइकिल योजना की अराजकतत्वों ने हवा निकाल दी है। ऐसे में साइकिल कहीं पेड़ पर लटक रही हैं तो कहीं तालाब में गोते लगा रही हैं। इससे कार्यदायी संस्था चार्टेड बाइक प्राइवेट लिमिटेड को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

महाकुंभ से अब तक 125 स्मार्ट साइकिल चोरी हो चुकी हैं। काफी खोजबीन के बाद 60 ही मिलीं। इनके अलावा तीन दर्जन से अधिक को नुकसान भी पहुंचाया गया है। कई साइकिल सलोरी में पेड़ पर लटकी मिलीं तो कई म्योराबाद, तेलियरगंज, मम्फोर्डगंज, अल्लापुर सहित अन्य इलाकों में तालाब व कूड़े के ढेर में पड़ी मिलीं। इतना ही नहीं, मीरापुर गोल पार्क के पास साइकिल में आग भी लगा दी गई थी। स्मार्ट साइकिल में 12 हजार रुपये का विशेष लॉक सिस्टम लगा होता है, जिसे स्कैन करके ही खोला जा सकता है। एक स्मार्ट साइकिल 36 हजार रुपये है। कार्यदायी संस्था को अब तक 18 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हो चुका है। ऐसे में अब स्मार्ट बाइक को सिर्फ इंजीनियरिंग कॉलेज में चलाने की योजना बनाई गई है। शहर के स्टैंड से लापता एक साइकिल मुगलसरांय रेलवे स्टेशन से 18 किलोमीटर अंदर गांव में बरामद की गई।

## आजमगढ़ समाचार

**विषाक्त पदार्थ खाने से महिला की मौत**

**बरदह।** थाना क्षेत्र के बेलवाना ग्राम निवासिनी रूपा राय (36) वर्ष की रविवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ खाने से मौत हो गई। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार रूपा ने अज्ञात कारणों से विषाक्त पदार्थ खा लिया। थोड़ी देर बाद हालत खराब होने पर परिजन जौनपुर सदर अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टरों ने वाराणसी रेफर कर दिया।

वाराणसी में देर रात महिला की मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम वाराणसी में होगा। महिला के एक पुत्री और दो पुत्र हैं। उनके पति घनश्याम काम के सिलसिले में बाहर रहते हैं और हाल ही में कुछ दिन पहले घर आए थे।

बरदह थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने बताया कि अभी किसी की तरफ की तहरीर नहीं मिली है। फिर भी मामले की जांच की जा रही है।

## गोरखपुर समाचार

### हाईटेंशन लाइन से सटी रोड लाइट, एक युवक की मौत- दुल्हे ने रथ से कूदकर बचाई जान





**गोरखपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सभा हरैया के कुड़िहवा टोला में रविवार देर रात शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। द्वार पूजा के दौरान बरात के रथ पर लदी रोड लाइट अचानक 11 केवी एचटी लाइन से सट गई। इससे रथ में करेंट फैल गया। रथ पर रोड लाइट लेकर चढ़े देवरिया के रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के समदा गांव निवासी सचिन (22) की मौके पर मौत हो गई, जबकि चार बराती गंभीर रूप से झुलस गए। दूल्हे राहुल निषाद ने किसी तरह कूदकर जान बचाई। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। जानकारी के मुताबिक, चौरीचौरा क्षेत्र के भाऊपुर गांव निवासी राममिलन निषाद के बेटे राहुल निषाद की बारात हरैया गांव में कमलेश निषाद के घर आई थी। रात करीब साढ़े दस बजे बारात दूल्हे के रथ के साथ द्वारपूजा के लिए आगे बढ़ रही थी। जैसे ही रथ घर के सामने पहुंची, सड़क के ऊपर झुकी हुई एलटी और 11 केवी एचटी लाइन रथ पर लदी रोड लाइट से सट गई। देखते ही देखते हाई वोल्टेज करेंट पूरे रथ में फैल गया। रथ पर रोड लाइट लेकर बैठे सचिन की करेंट की चपेट में आकर मौके पर मौत हो गई। करेंट का झटका लगते ही रथ पर बैठे बाकी बारातियों में भगदड़ मच गई। चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें घायल अवस्था में ग्रामीणों और बारातियों ने तुरंत अस्पताल भेजा। वधू पक्ष के कमलेश निषाद ने रोते हुए बताया कि बारात के स्वागत के लिए सब खड़े थे। किसी ने सोचा भी नहीं था कि बिजली का तार इतना नीचे होगा। जो घटना हुई उससे पूरा परिवार टूट गया। वर पक्ष की तरफ से सचिन की मौत से व्यथित हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरी करने वाला सचिन सिर्फ काम में मदद के लिए आया था और अचानक हुए हादसे में उसने अपनी जान गंवा दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पहले जोरदार चिंगारी की आवाज आई, फिर चारों ओर चीख-पुकार मच गई। बाराती राजेश ने बताया कि रथ घर के दरवाजे पर पहुंच रहा था तभी ऊपर से चिंगारी निकली। करेंट लगते ही रथ पर बैठे लोग गिरने लगे। कोई समझ ही नहीं पाया कि हुआ क्या। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी सुनील ने कहा कि चिंगारी के बाद पूरे माहौल में भगदड़ मच गई। कोई दूल्हे को पकड़कर नीचे खींच रहा था, तो कोई रथ से कूदकर जान बचा रहा था।

## चंदौली समाचार

### लगन के कारण ट्रेनों में कंफर्म टिकट नहीं, 20 तक सीटें फुल

**पीडीडीयू नगर।** वर्ष के अंतिम महीने और लगन के कारण ट्रेनों में सीट फुल हो चुकी हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। इसमें भी कंफर्म सीट नहीं मिल रही है। स्थिति यह है कि लोकप्रिय ट्रेनों में नई दिल्ली, गुवाहाटी, उज्जैन, मुंबई, द्वारिका के लिए 20 दिसंबर तक नो रूम दिखा रहा है। ठंड और कोहरे के दौरान ट्रेनों को समय से चलाने के उद्देश्य से पीडीडीयू जंक्शन से होकर चलने वाली 12 जोड़ी ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया गया। वहीं 14 जोड़ी ट्रेनों के फेरों में कमी की गई है। वहीं इसके पहले त्योहारी सीजन में चलाई गई विशेष ट्रेनें अभी चल रही हैं। हालांकि ये अत्यधिक देरी से चल रही हैं। ऐसे में लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। दिसंबर में लगन तेज है। ऐसे में लोग ट्रेनों का सहारा ले रहे हैं। वहीं ट्रेनों में सीट फुल हैं। विशेष कर कोलकाता, दिल्ली, गुवाहाटी, मुंबई, कन्या कुमारी, रामेश्वरम, उज्जैन, द्वारिका आदि स्थानों के लिए सीट नहीं मिल रही है। गुवाहाटी के लिए 20 दिसंबर की स्थिति देखें तो डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस, लोकमान्य तिलक गुवाहाटी एक्सप्रेस में स्लीपर, थर्ड एसी और सेकेंड एसी में सीट रिग्रेट है। यही हाल ब्रह्मपुत्र मेल, नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस में भी 20 दिसंबर तक सभी श्रेणी में सीट उपलब्ध नहीं है। मुंबई जाने वाली ट्रेनों में 20 दिसंबर तक की स्थिति देखे तो जनता एक्सप्रेस के स्लीपर में सीट रिग्रेट है जबकि इकानॉमी में सात और थर्ड एसी में आठ नंबर वेटिंग हैं, वहीं मुंबई मेल में स्लीपर, इकानॉमी, थर्ड एसी, पाटलिपुत्र एक्सप्रेस के स्लीपर और थर्ड एसी में सीट रिग्रेट है। पटना- वास्को डी गामा की भी यही स्थिति है। दिल्ली जाने के लिए तेजस राजधानी एक्सप्रेस में 20 दिसंबर को थर्ड एसी में 8, सेकेंड एसी में सीट रिग्रेट है।

## सोनभद्र समाचार

### नियुक्त किये गये बी0एल0ए0 के साथ मतदान स्थल पर बैठक 08 व 09 दिसम्बर को



**सोनभद्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बी0एन0सिंह ने अवगत कराया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ के निर्देशानुसार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एस0आई0आर0 की विभिन्न गतिविधियां/कार्यक्रम एवं उनकी तिथियां निर्धारित है। उन्होंने बताया कि बी0एल0ओ0 द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराना, एकत्रीकरण एवं डिजिटाइजेशन 04 नवम्बर, 2025 से 11 दिसम्बर, 2025 तक, निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन 16 दिसम्बर, 2025 तक, दावे एवं आपत्तियां दाखिल किये जाने की अवधि 16 दिसम्बर, 2025 से 15 जनवरी, 2026 तक, नोटिस जारी किये जाने, सुनवाई एवं सत्यापन व दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण एवं गणना प्रपत्रों पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्णय किये जाने की अवधि 16 दिवम्बर, 2025 से 07 फरवरी, 2026 तक तथा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी, 2026 तक। उन्होंने बताया कि 04 नवम्बर, 2025 से 11 दिसम्बर,2025 तक बी0 एल0ओ0 घर-घरजाकर गणना पत्र का वितरण करेंगे तथा वितरण के उपरान्त गणना प्रपत्रों का एकत्रीकरण एवं एकत्रित गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की कार्यवाही पूर्ण कर रहे हैं। समस्त बी0एल0ओ0 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूर्ण करते हुए सम्बन्धित राजनैतिक पार्टियों द्वारा नियुक्त किये गये बी0एल0ए0 के साथ मतदान स्थल पर उपस्थित होकर 08 व 09 दिसम्बर, 2025 को बैठक करेगें और निर्धारित प्रारूप पर कार्यवृत्त तैयार करते हुए अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक और डुप्लीकेट नामों की सूची बनाकर उक्त सूचियों को सम्बन्धित बी0एल0ए0 को दिखाते हुए उक्त सूचियों पर बी0एल0ए0 के हस्ताक्षर भी प्राप्त करेगें। उक्त कार्यवृत्त तथा अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक और डुप्लीकेट नामों की सूचियॉ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मांगे जाने पर सम्बन्धित बी0एल0ओ0, बी0एल0ओ ऐप पर अपलोड़ कर देगें। बीएलओ उक्त बैठक में मौजूद रहे बी0एल0ए0 की उपस्थिति भी अपने पास सुरक्षित रखेगें।

## लाइफ मंत्र

### अगहन पूर्णिमा पर क्यों है हरिहर स्नान करना शुभ और जानें इसका महत्व



हिंदू पंचांग में मार्गशीर्ष मास की पूर्णिमा तिथि को अत्यंत पवित्र माना गया है। इस दिन किए जाने वाले स्नान-दान का फल कई गुना अधिक होता है। विशेष रूप से, इस तिथि पर 'हरिहर स्नान' का असाधारण महत्व बताया गया है, जो भगवान विष्णु और भगवान शिव की संयुक्त शक्ति का प्रतीक है। माना जाता है अगहन पूर्णिमा के दिन दो प्रमुख देवताओं की संयुक्त पूजा और पवित्र संगमों में स्नान करने से जीवन में आने वाली हर परेशानी से छुटकारा मिलता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। तो आइए जानते हैं कि क्यों इस विशेष तिथि पर हरिहरनाथ महादेव की आराधना का विशेष विधान है, जो भक्तों को एक ही पूजा में मोक्ष और जीवन के सभी सुख प्रदान करती है।

**हरिहर स्नान का महत्व क्या है?**


अगहन पूर्णिमा के दिन हरिहर स्नान करने का अर्थ है एक ही समय पर भगवान विष्णु और भगवान शिव, दोनों की संयुक्त कृपा प्राप्त करना। ऐसा माना जाता है कि इस पवित्र स्नान से व्यक्ति के सभी पाप धुल जाते हैं और उसे जीवन के कष्टों से मुक्ति मिलती है। यह स्नान भक्तों को मोक्ष की ओर ले जाता है और जन्म-मृत्यु के बंधन से मुक्ति दिलाने में सहायक होता है। माना जाता है कि यह स्नान विशेष रूप से ऐसे स्थानों पर किया जाता है जहां विष्णु और शिव दोनों की पूजा एक साथ होती है, जैसे सोनपुरस्थित हरिहरनाथ मंदिर के पास गंगा और गंडक के संगम पर।

**हरिहरनाथ महादेव की पूजा क्यों होती है?**

सोनपुर (बिहार) में स्थित हरिहरनाथ मंदिर भारत के उन चुनिंदा मंदिरों में से एक है, जहां एक ही विग्रह में शिव और विष्णु दोनों की पूजा की जाती है।

यह पूजा इस बात का प्रतीक है कि सृष्टि के पालनकर्ता विष्णु जी और संहारकर्ता शिव जी वास्तव में एक ही सत्ता के दो रूप हैं। यह हिंदू धर्म के एकेश्वरवाद के सिद्धांत को दर्शाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, इस स्थान पर हाथी और मगरमच्छ का प्रसिद्ध युद्ध हुआ था। जब गज संकट में पड़ा, तो भगवान विष्णु ने उसे बचाने के लिए अपने चक्र से ग्राह का वध किया। इस घटना के बाद से यह स्थान भगवान शिव और विष्णु दोनों की आराधना का केंद्र बन गया। अगहन पूर्णिमा पर हरिहरनाथ महादेव की पूजा करने से भक्त को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों पुरुषार्थों की प्राप्ति होती है। यह पूजा जीवन में संतुलन और संपूर्णता लाती है।

## प्रेम कहानी से बनी अरबों डॉलर की Zoom, कॉलेज के दिनों की एक मुलाकात ने बदली दुनिया




प्रेमिका से मिलने की चाहत से प्रेरित होकर एरिक युआन ने 23.5 बिलियन डॉलर की Zoom की नींव रखी, जो शुरुआत में लंबी ट्रेन यात्राओं की समस्या का समाधान थी। बार-बार वीजा अस्वीकृति और कॉर्पोरेट उपेक्षा के बावजूद, युआन ने अपने सपने को साकार किया और Zoom को विश्व का सबसे बड़ा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म बनाया। आज की दुनिया में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म्स में Zoom सबसे लोकप्रिय है। जब भी कई सारे लोगों को एक साथ वीडियो कॉल के कनेक्ट करने की बात आती है, तो लोग सबसे पहले Zoom ऐप का ही यूज करते हैं। जूम की सफलता की जड़ें एक लव स्टोरी है। कंपनी के फाउंडर एरिक युआन की जवानी के दिनों की एक प्रेम कहानी ने ही यह सोच पैदा की है, जिसने आगे चलकर Zoom की दुनिया का सबसे बड़ा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म बना दिया है।

**10 घंटे की ट्रेन में यात्रा करने से बड़ा आइडिया सामने आया**

जब एरिक युआन चीन के कॉलेज में पढ़ाई करते थे, तब उनकी मुलाकात शैरी से हुई। दोनों अलग-अलग विश्वविद्यालयों में पढ़ते थे और हर हफ्ते 10 घंटे की लंबी ट्रेन यात्रा कर एक-दूसरे से मिलने जाते थे। इस थकाने वाली दिनचर्या से एरिक भी परेशान हो गए है। इसी दौरान उनके मन में ऐसा प्लेटफॉर्म बनाने का विचार आया, जो दूर बैठे लोगों को ऐसे जोड़ सके, जैसे वे आमने-सामने बैठे हों।

**वीजा का 8 रिजेक्शन भी नहीं डिगा सकी हिम्मत**

कॉलेज के बाद भी यह सपना एरिक के मन में कायम रहा। अंततः 1997 में वे सिलिकॉन वैली पहुंचे और WebEx से जुड़ गए। कमाल की बात यह है कि अमेरिका के लिए उनका वीजा आठ बार खारिज हुआ, फिर भी उन्होंने हार नहीं मानी। 2007 में WebEx के अधिग्रहण के बाद एरिक Cisco में इंजीनियरिंग के वाइस प्रेसिडेंट बन गए। यहां उन्होंने एक आसान वीडियो कॉलिंग सिस्टम बनाने को लेकर सुझाव दिए, मगर उनके विचारों को लगातार नजरअंदाज किया गया। आखिर में एरिक ने नौकरी छोड़कर अपने सपने को अपने दम पर पूरा करने का फैसला लिया।

**SaaWee से Zoom तक का सफर**

वर्ष 2011 में एरिक युआन ने SaaWee नाम से कंपनी शुरू की, जिसे बाद में Zoom Video Communications नाम दिया जाता है। जूम का उद्देश्य वीडियो कनेक्शन को इतना आसान बनाना था कि कोई भी, कहीं भी, बिना रुकावट एक दूसरे से बात कर सके। 2019 में Zoom के IPO के बाद कंपनी की वैल्यू करीब 9 बिलियन डॉलर पहुंच गई, जो 2017 की प्राइवेट वैल्यूएशन से नौ गुना अधिक थी। कोविड-19 के दौरान Zoom की लोकप्रियता आसमान छू गई। उस दौरान केवल दो महीनों में वेब कॉन्फ्रेंसिंग की डिमांड 418% बढ़ गई। कोविड-19 के समय Zoom हर घर, स्कूल और ऑफिस का हिस्सा बन गया। आज भी यह लोगों के दिलों में Zoom जरुरी हिस्सा बना हुआ है।

**AI के दौर में इसकी नई शुरुआत हुई है**

एरिक युआन ने बताया है कि Zoom अब AI की मदद से नए दौर के संचार और सहयोग को निश्चित करेगा। कंपनी यूनिफाइड कम्युनिकेशन और कस्टमर एक्सपीरियंस मार्केट में पैठ बनाने की तैयारी कर रहा है। बता दे कि, आज के समय में Zoom का मार्केट कैप 23.5 बिलियन डॉलर है।




# WhatsApp और अन्य मैसेजिंग ऐप पर 6 घंटे में ऑटो-लॉगआउट: DoT के नए नियमों से बड़ा बदलाव

**सरकार ने साइबर धोखाधड़ी पर नकेल कसने के लिए मैसेजिंग ऐप्स पर SIM-binding अनिवार्य किया है, जिसके कारण WhatsApp Web जैसी सुविधाएं हर 6 घंटे में लॉगआउट होंगी। यह कदम यूज़र अनुभव और मल्टी-डिवाइस सुविधा पर असर डाल सकता है।**

भारत सरकार के दूरसंचार विभाग ने ऑनलाइन मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स के लिए एक बड़ा बदलाव लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है। मौजूद जानकारी के अनुसार, WhatsApp, Signal, Telegram समेत कई लोकप्रिय ऐप्स को अब अपनी सेवाएँ केवल उसी स्थिति में देनी होंगी जब उपयोगकर्ता के फोन में वही सिम कार्ड मौजूद हो जिसके माध्यम से उसने रजिस्ट्रेशन किया था। बता दें कि इसके चलते WhatsApp Web जैसी वेब-आधारित सेवाएँ हर छह घंटे में अपने आप लॉगआउट हो जाएंगी, जिससे लगातार एक्सेस पाने का वर्तमान तरीका बदलने वाला है। गौरतलब है कि सरकार ने यह कदम देश में तेजी से बढ़ रहे डिजिटल फ्रॉड को रोकने के उद्देश्य से उठाया है। विभाग का कहना है कि कई साइबर अपराधी भारत से बाहर बैठकर ऐसे मैसेजिंग ऐप्स का इस्तेमाल कर धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं, क्योंकि वर्तमान में ये सेवाएँ सिम की वास्तविक उपस्थिति को लगातार वेरिफाई नहीं करती हैं। इसी वजह से अब टेलिकम्युनिकेशन आइडेंटिटी फायर यूज आइडेंटिटी (TIUE) के तहत सिम बाइंडिंग की अनिवार्यता लागू की गई है, जिसके अनुसार किसी भी प्लेटफॉर्म को उपयोगकर्ता की पहचान मोबाइल नंबर के साथ-साथ सिम में मौजूद IMSI के जरिए भी सुनिश्चित करनी होगी। बता दें कि IMSI यानी अंतर्राष्ट्रीय मोबाइल ग्राहक पहचान वह यूनिक पहचान है जो हर सिम कार्ड पर दर्ज होती है और वैश्विक स्तर पर किसी भी मोबाइल ग्राहक की पहचान से जुड़ी होती है। नए नियमों के लागू होने से मैसेजिंग कंपनियों को अपने सिस्टम में बड़े तकनीकी बदलाव करने पड़ेंगे, खासकर WhatsApp जैसे वैश्विक प्लेटफॉर्म को, जिसके भारत में ही 500 मिलियन से अधिक ग्राहक मौजूद हैं।

हालांकि उद्योग जगत के कई प्रतिनिधियों ने इन निर्देशों को लेकर अपनी चिंता भी जताई है। कुछ अधिकारियों का कहना है कि बाहरी देशों में यात्रा करने वाले उपयोगकर्ताओं को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि वे अब लोकल सिम कार्ड लगाकर भी अपने नियमित ऐप्स को उसी तरह इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे जैसे अभी करते हैं। इसके अलावा, हर छह घंटे में वेब सेशन लॉगआउट होने के फैसले को पेशेवर उपयोगकर्ताओं के लिए चुनौतीपूर्ण बताया जा रहा है, क्योंकि कई लोग ऑफिस वातावरण में फोन के बिना ही WhatsApp Web पर निर्भर रहते हैं। उद्योग विशेषज्ञों ने यह भी सवाल उठाया है कि इन निर्देशों की प्रभावशीलता कितनी होगी, क्योंकि अनेक साइबर अपराधी पहले से ही फर्जी दस्तावेज़ों के जरिए अवैध सिम कार्ड हासिल कर लेते हैं, जिससे उनकी पहचान वास्तविक रूप से सामने ही नहीं आ पाती हैं। कुल मिलाकर, सरकार का जोर साइबर सुरक्षा मजबूत करने पर है, जबकि टेक कंपनियों और कई उपयोगकर्ताओं को यह डर सता रहा है कि इससे प्राइवेसी, मल्टी-डिवाइस सुविधा और यूज़र अनुभव पर सीधा असर पड़ेगा।

# गूगल की क्वांटम क्रांति, 13,000 गुना तेज एल्गोरिदम से खुलेंगे विज्ञान के नए रहस्य



सुंदर पिचाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X (पूर्व में ट्विटर) पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि 'क्वांटम इकोज' एल्गोरिदम न्यूक्लियर मैग्नेटिक रेजोनेंस (NMR) की तकनीक का उपयोग करता है, जिससे यह अणुओं के भीतर परमाणुओं की परस्पर क्रिया (Atomic Interactions) का विश्लेषण कर सकता है। टेक्नोलॉजी की दुनिया में एक और क्रांतिकारी कदम उठाते हुए गूगल ने क्वांटम कंप्यूटिंग के क्षेत्र में बड़ा ब्रेकथ्रू हासिल किया है। कंपनी ने अपने 'विलो (Willow)' क्वांटम कंप्यूटिंग चिप पर नया एल्गोरिदम 'क्वांटम इकोज (Quantum Echoes)' विकसित किया है, जो पारंपरिक सुपरकंप्यूटरों से 13,000 गुना तेज गति से काम करता है। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने इसे 'वेरिफायबल क्वांटम एडवांटेज (Verifiable Quantum Advantage)' बताया है — यानी ऐसा क्वांटम लाभ जिसे स्वतंत्र रूप से प्रमाणित किया जा सकता है। यह खोज आने वाले वर्षों में दवाओं की खोज (Drug Discovery) और नई सामग्री विज्ञान (Material Science) जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी, जिससे वैज्ञानिक प्रयोगों की गति और सटीकता दोनों में तेजी आएगी।

**क्या है गूगल का 'क्वांटम इकोज'?**

सुंदर पिचाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X (पूर्व में ट्विटर) पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि 'क्वांटम इकोज' एल्गोरिदम न्यूक्लियर मैग्नेटिक रेजोनेंस (NMR) की तकनीक का उपयोग करता है, जिससे यह अणुओं के भीतर परमाणुओं की परस्पर क्रिया (Atomic Interactions) का विश्लेषण कर सकता है। गूगल की Willow चिप पर चलते हुए यह एल्गोरिदम दुनिया के सबसे तेज सुपरकंप्यूटरों पर चलने वाले श्रेष्ठ एल्गोरिदम की तुलना में 13,000 गुना तेजी से परिणाम देता है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, गूगल की यह क्वांटम तकनीक अगले पांच वर्षों में व्यावहारिक रूप से उपयोग में लाई जा सकेगी, जिससे विज्ञान और उद्योग के कई क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिलेंगे।

**क्वांटम कम्प्यूटिंग: जटिल समस्याओं का सरल समाधान**

गूगल का 'विलो' क्वांटम चिप क्यूबिट्स (Qubits) के माध्यम से काम करता है, जो क्वांटम कंप्यूटिंग की मूल इकाई हैं। पारंपरिक बिट्स जहां केवल 0 और 1 की स्थिति में रह सकते हैं, वहीं क्यूबिट्स दोनों स्थितियों में एक साथ रह सकते हैं, जिससे किसी भी जटिल गणना को बेहद तेजी और सटीकता से हल किया जा सकता है। गूगल के वैज्ञानिकों का मानना है कि क्वांटम इकोज जैसे एल्गोरिदम भविष्य में नए अणुओं, दवाओं, सोलर एनर्जी सिस्टम्स और उन्नत धातुओं के विकास में अहम भूमिका निभाएंगे।

**प्रकृति की जटिल प्रणालियों को समझने की नई दिशा**

गूगल ने अपने ब्लॉग पोस्ट में बताया कि क्वांटम इकोज एल्गोरिदम को चलाकर कंपनी ने पहली बार सत्यापन योग्य क्वांटम लाभ प्रदर्शित किया है। यह एल्गोरिदम अणुओं, चुंबकों और ब्लैक होल जैसी प्राकृतिक प्रणालियों की संरचना और गतिशीलता को समझने में सक्षम है। इसका अर्थ यह है कि अब वैज्ञानिक उन सूक्ष्म प्रणालियों को मॉडल कर सकेंगे जिन्हें आज तक केवल सिद्धांतों के माध्यम से समझने की कोशिश की जाती रही है।

**भविष्य की कंप्यूटिंग का नया अध्याय**

गूगल की यह उपलब्धि केवल एक तकनीकी माइलस्टोन नहीं, बल्कि मानव बुद्धि और क्वांटम विज्ञान के संगम का प्रतीक है। 'क्वांटम इकोज' एल्गोरिदम के माध्यम से अब हम ब्रह्मांड की सूक्ष्मतम परतों को समझने के और करीब पहुंच चुके हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि आने वाले दशक में क्वांटम कंप्यूटिंग दवा निर्माण, ऊर्जा उत्पादन, और सामग्री अनुसंधान के पूरे ढांचे को बदलकर रख देगी।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप



मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
